**Title:** Need to improve telephone services in Churu, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू): मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू (राजस्थान) में टेलीफोन व्यवस्था ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रही है। मेरे गृह क्षेत्र सादुलपुर से श्रीडूंगरगढ़, रतनगढ़, सरदार शहर, विद्यासर, राजलदेसर, छापर, लाडनू आदि उपखंड मुख्यालय व बड़े-बड़े कस्बों में घण्टों तक बातचीत नहीं हो सकती। उक्त क्षेत्र का देश के समस्त बड़े-बड़े नगरों से सम्पर्क रहता है, लेकिन दूरसंचार व्यवस्था ठीक न होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों का उनसे आपस में सम्पर्क नहीं हो पाता है, और कई बार तो काफी दिनों तक टेलीफोन लाइन खराब रहती है। ग्रामीण क्षेत्र में तो दूरसंचार की हालत और भी खराब है। महीनों तक टेलीफोन, पी.सी.ओ. खराब रहते हैं और विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इसी प्रकार क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने में विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामवासियों ने वर्षों से टेलीफोन कनैक्शन के लिए आवेदन किए हुए हैं, लेकिन अभी तक टेलीफोन नहीं लगाए गए हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था ठीक करवाने तथा वर्षों से जिन लोगों द्वारा टेलीफोन के लिए आवेदन किए हुए हैं, उन्हें टेलीफोन कनैक्शन जारी करने हेतु उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

&nbs